Humilitation of tribal women

1940. SHRI VIREN J. SHAH;
SHRI PRAMOD MAHAJAN;

Will the Minister of WELFARE be pleased to state:

(a) whether the attention of the Government has been, drawn to a report published in 'India Today' of 15th October 1994 under the heading, "A tribal women beaten, stripped and fined, seeks justice";

(b) if so, what are the facts and details in this regard; and

(c) what steps Government have taken to save the honour and dignity of the tribal women from such humilitation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRI K. V. THANGKA BALU;:

(a) to (c) The information is being collected from the State Government of Maharashtra.

विकलांगों के लिए आरक्षण

1941. श्री अजीत जोगी :
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी विभागों और सरकारी क्षेत्र के संस्थानों में वर्ग "ग" और "घ" पदों में विकलांग व्यक्तियों के लिए तीन प्रतिशत आरक्षण के संबंध में कोई स्थायी प्रशासनिक आदेश है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और पिछले तीन वर्षों के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या क्या है ?

कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० वी० तंगकाबालू) : (क) तथा (ख) जी, हां । सरकार के अधीन "ग" तथा "घ" पदों में सीधी भर्ती और पदोन्नति में शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण के लिए का०ज्ञा० सं० 36035/7/85-स्था० (एससीटी) दिनांक 1 अप्रैल 1986 तथा का०ज्ञा० सं० 36035/8/896 स्था० (एससीटी) दिनांक 20-11-89 के तहत अनुदेश जारी कर दिए गए हैं । सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के मामले में सरकारी उद्यम विभाग द्वारा इस संबंध में ऐसे ही आदेश जारी कर दिए गए हैं । मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से प्राप्त सूचना के आधार पर पिछले तीन वर्षों के दौरान समूह "ग" तथा "घ" पदों पर नियुक्त व्यक्तियों की संख्या नीचे दी गई है :—

	1992		1993		1994	
	'ग'	'घ'	'ग'	'घ'	'ग'	'घ'
मंत्रालय/विभाग	83	18	37	13	18	3
सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	80	98	195	95	150	54

शिक्षण संस्थाओं में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण

1942. चौधरी हरमोहन सिंह : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने शिक्षण संस्थाओं में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों से कोई बातचीत की है ;

(ख) यदि हां, तो बातचीत के क्या परिणाम निकले हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो अभी तक भी बातचीत न करने के क्या कारण हैं ?

कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० वी० तंगकाबालू) : (क) से (ग) कल्याण मंत्री ने अन्य पिछड़े वर्गों को